हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 01 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री


बोकरामुड़ा में कबड्डी का महासंग्राम, खल्लारी... 10


हर गली, हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तान 10



## खबर संक्षेप

### छिलपावन में युवती ने की आत्महत्या

**झलप**। ग्राम छिलपावन में वार्ड नंबर 3 देवार पारा निवासी ज्योति गायकवाड़ पिता पुनीत राम ने अपने घर में फांसी लगा ली। पटेवा पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर पंचनामा बना शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### एक्सीडेंट में एक व्यक्ति घायल

**महासमुंद**। तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट सांकरा थाने मंर दर्ज कराई गई है। पुलिस को जितेंद्र कुमार सेठ निवासी गौरिया ने बताया कि वह 30 अगस्त की सुबह करीब 8.15 बजे अपने किराना दुकान को बंद करके नाश्ता करने घर जा रहा था, उसी समय सामने की ओर से गांव का ही दरस राम केंवट अपने मोटर सायकल के पीछे सीट में लकड़ी का पाटा बांध कर ले जा रहा था और मोटर सायकल को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर उसे ठोकर मारकर एक्सीसडेंट कर दिया, जिससे दाहिने पैर में चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### पिपरौद में महिला के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। ग्राम पिपरौद निवासी एक महिला के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ सांकरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। सांकरा पुलिस को रूपई सेठ पति कुंजबिहारी सेठ (60 साल) पिपरौदने बताया कि 30 अगस्त की सुबह 10 बजे अपने घर के बाड़ी में थी, उसी समय गांव की कमला सवरा के द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर डंडे से मारपीट की गई। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# तुमगांव में अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में बंद रहा नगर, लोग आक्रोशित

## ग्रामीणों व समर्थकों ने सत्ता पक्ष के दबाव में कार्रवाई किए जाने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू की गिरफ्तारी के बाद से पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों और समर्थकों के साथ-साथ साहू समाज में भी गहरी नाराजगी देखी जा रही है। इसी आक्रोश के चलते रविवार की सुबह से ही ग्रामीणों ने तुमगांव नगर पंचायत क्षेत्र को पूर्णतः बंद करा दिया।

ग्रामीणों और समर्थकों का आरोप है कि पुलिस ने बलरामकांत साहू को सत्तापक्ष के दबाव में गिरफ्तार किया। उनका कहना है कि नगर पंचायत क्षेत्र में लंबे समय से देह व्यापार और अवैध गतिविधियां चल रही हैं। जबकि पीटा एक्ट लागू होने के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। बलरामकांत साहू ने इस मुद्दे पर आंदोलन की चेतावनी दी थी, लेकिन उनकी आवाज को दबाने के लिए पुलिस ने कथित तौर पर देह व्यापार में लिप्त महिला की झूठी रिपोर्ट पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।



### देह व्यापार को भाजपाई संरक्षण, खिलाफत करने वाले पर कार्रवाईः डॉ. रश्मि



कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने तुमगांव में चल रहे देह व्यापार पर भाजपाईयों का संरक्षण होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू ने खिलाफत की तो उसे ही झूठा केस दर्ज कर कार्रवाई कर दी गई। साहू पर लगे आरोप को कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि ने राजनीतिक साजिश का हिस्सा बताया।

### आंदोलन होगा उग्र

मिली जानकारी मिली है कि इस घटना को लेकर प्रदेश स्तर पर साहू समाज में भी गहरा आक्रोश है। समाज के पदाधिकारी बड़े आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं। इधर, गिरफ्तारी के बाद से ही नगर में पुलिस बल तैनात है और प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है। वहीं समर्थकों ने चेतावनी दी है कि यदि बलरामकांत साहू को जल्द रिहा नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

## योजना : अमृत सरोवर योजना के दूसरे चरण में 5 तालाबों के साथ होगी इसकी शुरुआत

# तालाबों के सौंदर्यीकरण के साथ इन्हें रोजगारोन्मुखी बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरोवरों के उन्नयन करते हुए जलसंचय के साथ ग्रामीणों को इन सरोवरों से रोजगार भी उपलब्ध कराए जाने की रुपरेखा तैयार की जा रही है। 5 अमृत सरोवरों के उन्नयन के साथ इन्हें आदर्श बनाते हुए इनके किनारों में पेड़ लगाए जाएंगे। साथ ही मछली पालन जैसे आजीविका के नए स्त्रोत भी इन तालाबों से जुड़ेंगे, जिससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

मिली जानकारी के अनुसार अमृत सरोवर योजना जिसकी शुरुआत 2022 में हुई थी के तहत एक एकड़ के तकरीबन 75 तालाबों को अमृत सरोवर बनाए गए अब दूसरा चरण प्रारंभ होगा। इन सरोवरों को जलाशय ही नहीं इसे बहुउपयोगी सामुदायिक स्तर के रूप में भी विकसित करने की योजना है। इसके चारों ओर नीम, पीपल, बरगद जैसे छायादार पेड़-पौधे रोपे जाएंगे। अमृत सरोवर के पास स्ट्रीट सोलर लाइट, पाथवे, शौचालय, विश्राम करने के लिए बैठने की जगह बनाई जाएगी। अमृत सरोवरों में स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया जाएगा। जल संकट से निपटने की भी तैयारी की जाएगी। गांव को जल संकट से बचाने के लिए प्रयास किया जा रहा है।



पहले चरण में जब अमृत सरोवर का निर्माण किया गया था, तब कहा गया था कि 15 अगस्त को अमृत सरोवरों के पास ध्वजारोहण भी किया जाएगा, लेकिन तालाबों की अनदेखी हुई है। वहीं अब दूसरे चरण में भी अमृत सरोवरों को आदर्श बनाने के लिए पहल शुरू हो चुकी है।

मिली जानकारी के अनुसार अमृत सरोवरों निगरानी ग्राम पंचायत के द्वारा किया जाएगा। पंचायत के प्रतिनिधियों को नामित किया जाना है। जो पर्यवेक्षक के रूप में कार्य करेंगे। अमृत सरोवर के तहत सामुदायिक भागीदारी को प्राथमिकता देते हुए जल उपलब्धता सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

### तालाबों की होगी पहचान

दूसरे चरण में आदर्श अमृत सरोवर बनाने के लिए पांच सरोवर का चयन किया जाएगा। बारिश के बाद अधिकांश तालाबों में पानी भर चुका है। तालाब में जलस्तर अच्छा है। तालाब के आस-पास के अवैध कब्जे भी हटाए जाएंगे।

### आसपास लगाए जाएंगे पेड़ पौधे

जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने बताया कि अमृत सरोवर को आदर्श बनाया जाएगा। आस-पास पेड़-पौधे लगाए जाएंगे।

# पूमावि प्रधान पाठक पदोन्नति लंबित जेडी कार्यालय रायपुर का घेराव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने बताया कि रायपुर संभाग में ई एवं टी शिक्षक संवर्ग की पदोन्नति माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर विगत 3 वर्षों से न होने से शिक्षक संवर्ग आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हैं, जिसके कारण एसोसिएशन द्वारा 1 सितंबर को जेडी कार्यालय का घेराव कर शीघ्र पदोन्नति के लिए ज्ञापन दिया जाएगा।

पूर्व में छग टीचर्स एसोसिएशन संभाग रायपुर के प्रतिनिधि मंडल ने 18 अगस्त को आयुक्त रायपुर, डीपीआई एवं जेडी कार्यालय को मांग पत्र एवं घेराव का अल्टीमेटम सौंपा था। एसोसिएशन द्वारा चरणबद्ध कार्यक्रम के तहत 22 अगस्त को विकासखंडों में तथा 23 अगस्त को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर शीघ्र पदोन्नति की समय सारिणी जारी करने के लिए सयुंक्त संचालक शिक्षा रायपुर संभाग के नाम का ज्ञापन दिया गया। इस बीच केवल टी संवर्ग का पदोन्नति समय सारिणी जेडी कार्यालय द्वारा जारी किया गया है। जबकि, अधिसंख्य पद वाले ई संवर्ग के पदोन्नति के संबंध में कोई दिशा निर्देश अब तक जारी नही किए जाने से संभाग के शिक्षक संवर्ग क्षुब्ध एवं आक्रोशित हैं। घेराव के संबंध में 30 अगस्त 2025 को एसोसिएशन ने आवश्यक बैठक आहूत कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर द्वारा जब तक ई संवर्ग के शिक्षकों का माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति के लिए टाइम टेबल जारी नहीं किया जाता, तब तक जेडी कार्यालय घेराव का कार्यक्रम जारी रहेगा। एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, प्रांतीय महासचिव शोभा सिंहदेव, प्रांतीय संगठन मंत्री पूर्णानंद मिश्रा, प्रांतीय प्रचार मंत्री केशवराम साहू, प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ अर्चना तिवारी, जिला संयोजक लालजी साहू, नरेश पटेल, कौतुक पटेल, लोरिश कुमार, कार्यकारी जिलाध्यक्ष सादराम अजय, जिला सचिव नंदकुमार साहू, जिला कोषाध्यक्ष विजय प्रधान, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ पुष्पलता भार्गव, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साहू, विनोद यादव, महेंद्र चौधरी, गजेंद्र नायक, ललित साहू उपाध्यक्ष खोशिल गेंद्रे, खिलावन वर्मा, दीपक देवांगन, वीरेंद्र नर्बदा, दिलीप नायक, मनीष अवसरिया, देवेंद्र चंद्राकर, लक्ष्मण दास मानिकपुरी, राधेश्याम पटेल, सोमनाथ चौहान, गौरी शंकर पटेल, वारिस कुमार, महेंद्र पाल साहू, कैलाश पटेल, देवेंद्र भोई, पवन साहू, विकास साहू आदि ने घेरा में शामिल होने की अपील की है।

# बसना क्षेत्र में लूटपाट के मामलों में नाबालिग सहित चार गिरफ्तार

**महासमुंद**। बसना क्षेत्र में लूटपाट के मामलों में पुलिस ने एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में न्यालालय में पेश किया गया। पुलिस ने मामले को लेकर बताया कि 30 अगस्त को प्रार्थी बनवारी लाल नंद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने भाई डिग्रीलाल नंद के घर बसना आया था, शाम करीबन 6.30 बजे हाई स्कूल बसना की ओर से टहलकर अपने भाई के घर वापस आ रहा था। तभी नायकपारा बसना में लक्ष्मी किराना स्टोर्स के पास एक पल्सर क्रमांक सीजी 06 एचए 1590 में चार लड़के राजा सोनवानी, हरीश ओगरे, सूरज यादव व एक नाबालिग गाली गलौच करने लगे व मारपीट करने लगे। इस दौरान राजा सोनवानी ने प्रार्थी का कालर पकड लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए रखे हुए सामान को निकालने कहा। इस दौरान सूरज यादव ने शर्ट के सामने जेब में रखे मोबाईल को, राजा सोनवानी पेंट की जेब में रखे 3000 रुपए निकाल कर भाग निकले। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसना में अपराध धारा 296, 115(2), 309(4), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये नामजद आरोपियों की पता तलाश कर हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया जिन्होंने जुर्म घटित करना स्वीकार किया ,आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन, एक नग मोबाईल एवं नगदी 1200 रुपए सहित कुल 86,200 रुपए का सामान जब्त किया गया है। प्रकरण में 03 आरोपियों एवं 01 विधि से संघर्षरत बालक को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया जाता है।



# जर्जर आवासों से मिलेगी मुक्ति, नए फ्लैट मिलेंगे कर्मचारियों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के मुख्यमार्ग के अलावा पंचशील वार्ड के आसपास रहने वाले सरकारी कर्मचारियों को दीपावली के बाद नया आशियाना मिलेगा। इनके लिए हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 80 से अधिक मकान बनकर तैयार हो रहे हैं जिनके हैंडओवर मिलने के बाद कर्मचारियों को आवास संबंधी समस्या से निजात मिलेगी। मिली जानकारी के अनुसार ये मकान बनकर तैयार हो जाएंगे।

सरकारी कर्मचारियों के जर्जर हो चुके मकानों की स्थिति को देखते हुए अक्टूबर 2023 में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में इनके व्यवस्थापन की कवायद शुरु हुई। यहां निवास करने वाले कर्मियों को फ्लैट मिलने के बाद राहत मिलेगी। बता दें कि क्लब पारा के सरकारी जगह में फ्लैट और दुकान युक्त मल्टीलेवल कांप्लेक्स बनाने की योजना है। लेकिन, अब तक इस कार्य को लेकर कोई नई जानकारी सामने नही आई है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की रिडेवलमेंट योजना के तहत पुराने शासकीय आवासों को तोड़ा जाएगा। उसके स्थान पर नया फ्लैट व व्यवसायिक परिसर बनाने की योजना है। पूर्व में यहां पर हाउसिंग बोर्ड का एलआईजी आवास बनना प्रस्तावित था, लेकिन ज्यादातर लोगों ने एलआईजी मकान में निवेश करने में कोई रुचि नहीं दिखाई।



### नई योजना से मिलेगा नया आवास

क्लब पारा के शासकीय आवास में रह रहे कर्मचारियों के साथ परेशानी ऐसी है कि छत को तिरपाल से ढंका गया है। इसके अलावा क्वार्टरों में कमरे भी काफी छोटे-छोटे हैं। 2020 में रिडेवलपमेंट योजना के तहत सभी पुराने आवास को तोड़कर नए आवास बनाने का प्लान है।

### फ्लैट व दुकानों की संख्या तय नही

हाउसिंग बोर्ड विभाग के पास कामर्शियल कांप्लेक्स को लेकर फिलहाल कोई प्लान स्पष्ट नहीं है कि यहां कितने फ्लैट व दुकान बनेंगे। पूर्व में 270 फ्लैट बनाने की योजना थी, जिससे निरस्त कर नए सिरे से प्लान तैयार किया गया है। गुड़रूपारा के क्वार्टरों का भी चिह्नांकन किया गया था। बताया जा रहा है कि उच्च स्तर पर स्वीकृति मिलने पर ही आगे का कार्य किया जाएगा।

### निर्माण कार्य जल्द

हाउसिंग बोर्ड के ईई नरेंद्र चंद्राकर ने बताया कि कर्मचारियों के लिए लैट का निर्माण का कार्य दो माह में पूरा हो जाएगा। बाद हैंडओवर करने की प्रक्रिया होगी।

## छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष पर बेमचा में लगा महतारी मेगा हेल्थ कैंप

# हेल्थ कैंप में 200 से अधिक हितग्राही हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग शहरी परियोजना महासमुंद द्वारा ग्राम पंचायत बेमचा में महतारी मेगा हेल्थ कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों को स्वास्थ्य सुविधाओं से सीधे जोड़ना और कुपोषण उन्मूलन के प्रति जागरूक करना रहा।

शिविर के दौरान कुल 60 किशोरी बालिकाओं का सिकलिन एवं हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया, जिससे उनके स्वास्थ्य की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। वहीं 29 गंभीर कुपोषित बच्चों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई। इसके अलावा गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं सहित 204 हितग्राही विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित हुए। इस अवसर पर जनपद सदस्य संगीता राहुल चंद्राकर, सरपंच देवेंद्र चंद्राकर, परियोजना अधिकारी शैल नाविक मौजूद थे।



### रजत जयंती वर्ष हमारे लिए विशेष महत्व

इस अवसर पर जनपद सदस्य संगीता राहुल चंद्राकर कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का रजत जयंती वर्ष हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर हम यह प्रयास कर रहे हैं कि स्वास्थ्य सेवाएं हर जरूरतमंद तक पहुंचे। बेमचा में आयोजित महतारी मेगा हेल्थ कैम्प इसी संकल्प का हिस्सा है। हमारी प्राथमिकता है कि किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को समय पर जांच और उपचार उपलब्ध हो। कार्यक्रम में सुपरवाइजर शीला प्रधान एवं कुंती यादव, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं एएनएम मौजूद रहे। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने आयोजन को सफल बनाया।

### हितग्राहियों ने की शिविर की सराहना

शिविर का लाभ लेने पहुंचे हितग्राहियों ने कैंप की सराहना की। यहां आए किशोरियों और माताओं ने बताया कि ऐसे शिविरों से उन्हें न केवल स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलती है बल्कि सही समय पर परामर्श और उपचार भी प्राप्त होता है। ग्रामीणों ने कहा कि इस प्रकार की पहल से गांव की महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य स्तर बेहतर होगा। ग्राम पंचायत बेमचा में आयोजित यह शिविर राज्य शासन की उस भावना को भी प्रकट करता है। जिसके अंतर्गत स्वस्थ छत्तीसगढ़ – समृद्ध छत्तीसगढ़ का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है।

# बैदपाली में उपसरपंच के साथ मारपीट, आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

## सरायपाली थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- घटना 27 अगस्त की रात्रि की, पुलिस ने किया मामला दर्ज

ग्राम बैदपाली के उपसरपंच के साथ मारपीट किए जाने के मामले में सरायपाली पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है।

पुलिस को रामलाल ने बताया कि वह वर्तमान में ग्राम बैदपाली का उप-सरपंच है। 27 अगस्त की रात 7.40 बजे खाना खाकर घर से बाहर निकला था, उसी समय संतराम उर्फ बीरेंद्र नाग उसके घर के सामने आकर पंच-सरपंच को गालियां दे रहा था। गाली देने से मना करने पर वह वहां से चला गया। रात्रि करीबन 8 बजे संतराम उर्फ बीरेंद्र नाग का भतीजा भुवनेश्वर नाग, नरोत्तम नाग एवं उसका पुत्र अमन नाग उसके पास आए और गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। इसी समय प्रार्थी के बड़े भाई रवि लाल बुडेक, भाभी भानू बुडेक बीच बचाव करने आये तो उन्हें भी नरोत्तम नाग एवं उसके पुत्र अमन नाग ने गालियां देते हुए मारपीट की। मामले में रिपोर्ट पर धारा 115(2), 296, 3(5) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### सांसद मोइत्रा के खिलाफ थाने में शिकायत

**रायपुर**। गोपाल सामन्तो व अंजना गाइन ने पुलिस अधीक्षक, रायपुर के नाम माना पुलिस थाना प्रभारी को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा। इस पत्र में सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा देश के गृह मंत्री मित शाह के विरुद्ध दिए गए कथित विवादित बयान को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए, इसे गृह मंत्री की हत्या के लिए उकसाने जैसा कृत्य बताया। गोपाल सामन्तो व अंजना गाइन ने अपने पत्र में कहा, जब देश के सर्वोच्च सदन में चुनी गई एक सांसद द्वारा इस प्रकार का बयान दिया जाता है, तो यह न केवल लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि यह समाज में अराजकता, अशांति और असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देने का भी कार्य करता है। पुलिस प्रशासन से मांग की गई है कि इस मामले को संज्ञान में लेते हुए महुआ मोइत्रा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 196, 197, 109 तथा अन्य प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए।

### पुरस्कार के लिए 15 तक ऑनलाइन करें आवेदन

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा की अध्यक्षता में हाल ही में आयोजित संचालक मंडल की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है कि राज्य में पर्यटन क्षेत्र से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थानों एवं व्यक्तियों को विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर के अवसर पर राज्य स्तरीय पर्यटन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। बैठक में बताया कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देना, नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा पर्यटन क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान देने वाले श्रेष्ठ प्रयासों को सामने लाना है। सभी श्रेणियों में पुरस्कारों के लिए पात्र आवेदक 1 से 15 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### किशोरी तालाब में डूबी, मिर्गी का दौरा पड़ने की आशंका

रायपुर। मुजगहन थाना क्षेत्र में एक 17 साल की किशोरी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, अभनपुर निवासी किशोरी शुक्रवार को घड़ा लेकर तालाब में पानी भरने गई थी। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर किशोरी के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सुबह पुलिस को तालाब में किशोरी की लाश होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने परिजनों से लाश की शिनाख्त कराई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि किशोरी को मिर्गी का दौरा पड़ता रहता था।

### आबकारी में शिकायत करने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर**। अभनपुर थाने में एक युवक ने तीन लोगों के खिलाफ आबकारी विभाग में शिकायत करने तथा पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। झांकी निवासी अनिल कुमार जोशी ने मदन, रंजीत तथा खिलावन बघेल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अनिल ने पुलिस को बताया कि तीनों ने उसके घर में घुसकर उनके खिलाफ आबकारी विभाग में शिकायत करने का आरोप लगाते हुए मारपीट की। मदन ने अनिल तथा महेश जोशी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।


# महानदी जल विवाद सुलझाने छत्तीसगढ़ और ओडिशा मिलकर खोजेंगे समाधान

## इंजीनियरों की टीम हर हफ्ते करेगी काम, महानदी पर बनेगा समन्वय का नया ढांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लंबे समय से चले आ रहे महानदी जल विवाद को सुलझाने के लिए छत्तीसगढ़ और ओडिशा ने बातचीत का रास्ता चुना है। दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों और जल संसाधन सचिवों की बैठक शनिवार को नई दिल्ली में हुई, जिसमें मिलकर समाधान खोजने पर सहमति बनी।

बैठक में छत्तीसगढ़ और ओडिशा के मुख्य सचिवों और जल संसाधन विभाग के सचिवों ने हिस्सा लिया। बैठक में दोनों राज्यों ने माना कि यह समस्या बहुत पुरानी और कठिन है, लेकिन लोगों और दोनों



राज्यों के भले के लिए इसका समाधान मिल-बैठकर निकालना ही होगा। दोनों राज्यों ने यह वादा किया कि वे ईमानदारी और खुले मन से बातचीत करेंगे, ताकि महानदी जल विवाद का हल ऐसा निकले, जो सबके लिए लाभकारी हो। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह पहल सफल रही, तो यह न सिर्फ ओडिशा और छत्तीसगढ़ के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक मिसाल होगी कि बड़े और पुराने विवाद भी आपसी बातचीत और सहयोग से सुलझाए जा सकते हैं।

### अगले माह से हर हफ्ते बैठक

बैठक में यह भी तय हुआ कि सितंबर से दोनों राज्यों की तकनीकी समितियां, जिनमें इंजीनियर और विशेषज्ञ होंगे, हर हफ़्ते बैठक करेंगी। ये समितियां मुख्य मुद्दों को पहचानेंगी और उनका हल निकालने की कोशिश करेंगी। साथ ही, वे यह भी देखेंगी कि कैसे दोनों राज्यों के बीच बेहतर तालमेल बनाया जा सकता है।

### दिसंबर में दोनों राज्यों के सीएम कर सकते हैं मुलाकात

अक्टूबर में दोनों राज्यों के मुख्य सचिव एक और बैठक करेंगे। इसमें जल संसाधन सचिव भी शामिल होंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो दिसंबर तक दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री भी मुलाक़ात कर सकते हैं और आगे की दिशा तय करेंगे।

**यह है विवाद** : महानदी छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले से निकलकर ओडिशा होते हुए बंगाल की खाड़ी में मिलती है। ओडिशा का आरोप है कि छत्तीसगढ़ ने महानदी पर कई बांध और बैराज बनाकर पानी रोक लिया है, जिससे ओडिशा में गर्मी और खेती के मौसम में पानी की भारी कमी हो जाती है। वहीं छत्तीसगढ़ का कहना है कि उसने अपनी ज़रूरत के हिसाब से योजनाएं बनाई हैं और ओडिशा को भी पर्याप्त पानी मिलता है। यही विवाद कई सालों से चला आ रहा है और इसे हल करने के लिए केंद्र सरकार ने महानदी जल विवाद ट्रिब्यूनल भी बनाया था।

## महुआ मोइत्रा के बयान को बताया विपक्ष की दूषित मानसिकता का प्रमाण

# मुख्यमंत्री साय बोले- अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करोड़ देशवासियों के सम्मान पर चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह पर तृणमूल कांग्रेस की सांसद द्वारा की गई टिप्पणी करोड़ देशवासियों के सम्मान पर चोट है। यह न केवल आपत्तिजनक है, बल्कि यह गंभीर आपराधिक कृत्य है। यह मुद्दा केवल एक व्यक्ति पर की गई टिप्पणी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश की गरिमा और राष्ट्रीय चेतना से जुड़ा हुआ विषय है। यह घटना बताती है कि विपक्ष किस प्रकार राजनीति में निम्न स्तर तक गिर चुका है और किस प्रकार व्यक्तिगत आक्षेपों के माध्यम से लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा को लगातार ठेस पहुंचाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसी टिप्पणियां यह दर्शाती हैं कि जब विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं रह जाता, तो वह देश के शीर्ष नेतृत्व पर व्यक्तिगत और अपमानजनक हमले करता है। उन्होंने इसे दूषित मानसिकता और राजनीतिक दिवालियापन की संज्ञा दी और कहा, जो लोग जनता को सकारात्मक दिशा देने में असमर्थ



हैं, वे इसी तरह की बयानबाजी कर जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं। श्री साय ने कहा, इस तरह के आपत्तिजनक वक्तव्य केवल संसद और राजनीति की गरिमा को ही नहीं, बल्कि आम जनता की संवेदनाओं को भी आहत करते हैं।

श्री साय ने कहा, तृणमूल कांग्रेस की आलाकमान और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अनुमति और शह के बिना इस प्रकार की दुस्साहसपूर्ण टिप्पणी संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा, पार्टी की संस्कृति और नेतृत्व का असर कार्यकर्ताओं और सांसदों के आचरण में परिलक्षित होता है। जब एक सांसद इस प्रकार का बयान देती हैं, तो यह मान लेना स्वाभाविक है कि इसके पीछे नेतृत्व की मौन सहमति या प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष समर्थन अवश्य रहा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, यदि ऐसा नहीं है, तो ममता बनर्जी को तुरंत सार्वजनिक रूप से इसका खंडन करना चाहिए और अपनी पार्टी की नेत्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## नितिन नवीन बोले- अब समय आ गया है कांग्रेस को मिट्टी में मिला दिया जाए

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और बिहार के कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां पर की गई टिप्पणी के साथ ही अमित शाह को लेकर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के बयान को लेकर कहा, किस प्रकार की बेचैनी निराशा और संस्कार के ये लोग आए हैं। अब समय आ गया है कि कांग्रेस को मिट्टी में मिला दिया जाए। भाजपा की बैठक लेने रायपुर पहुंचे नितिन नवीन ने विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी से लेकर जो भी इस तरह के बयान देते हैं, उससे उनके कार्यकर्ता भी तो यही सीखेंगे। जिस मिट्टी से उनकी उत्पत्ति हुई, उसे ही गली दे रहे हैं। उन्होंने कहा, लेकिन जब जब नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहे गए, जनता ने इसका जवाब दिया है और उनको आशर्वाद भी दिया है। देखना इस बार बिहार में भी भाजपा और मजबूत होकर सामने आएगी।



### साय की विश्वनीयता बढ़ी है

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लेकर श्री नवीन ने कहा, जिस तरह से कम समय में ही उन्होंने मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया है, उनसे उनकी विश्वनीयता बढ़ी है। मुख्यमंत्री लगातार बाहर से भी निवेश जुटाने का प्रयास कर रहे हैं।वे विदेश यात्रा पर भी गए थे। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए मुख्यमंत्री लगातार काम कर रहे हैं।

### भाजपा की टीम को देंगे प्रशिक्षण

रायपुर में होने वाली कार्यशाला को लेकर उन्होंने कहा, राज्यों में राज्यों की जो भी भाजपा की नई टीमें बनीं है, उनको प्रशिक्षण देने का काम राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में यहां भी प्रदेश संगठन की कार्यशाला हो रही है। इसमें सभी को मार्गदर्शन दिया जाएगा। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश भी रहेंगे। श्री नवीन से रायपुर पहुंचने पर उनका स्वागत भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, डिप्टी सीएम विजय शर्मा सहित भाजपा के पदाधिकारियों ने किया।

## प्रदेशभर के भाजपा नेताओं की आज शिव प्रकाश, अरुण सिंह और नितिन नवीन लेंगे क्लास

- मंडल और जिला अध्यक्षों से लेकर मंत्री, विधायक, सांसद, प्रदेश के सभी पदाधिकारी रहेंगे कार्यशाला में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के नए सिरे से गठन के बाद अब पहली बार मंडल और जिला अध्यक्षों से लेकर प्रदेश के मंत्री, विधायक, सांसद और प्रदेश के पदाधिकारियों की रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन क्लास लेंगे। सुबह से लेकर रात तक चलने वाली कार्यशाला और बैठकों में शामिल होने के लिए जहां भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन शनिवार को यहां पहुंच गए हैं, वहीं भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल रविवार को दोपहर दो बजे यहां पहुंचेंगे।

प्रदेश भाजपा में बूथ से लेकर मंडल, जिला और प्रदेश स्तर पर संगठन में बड़ा बदलाव हो गया है। ज्यादातर मंडलों के साथ एक जिले रायपुर ग्रामीण को छोड़कर बाकी सभी जिलों में नए अध्यक्ष बन गए हैं। प्रदेश संगठन की कार्यकारिणी का भी ऐलान हो गया है। अब सभी 476 मंडलों और भाजपा के 36 संगठन जिलों के अध्यक्षों के साथ प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक, सांसदों को रविवार की सुबह 11.30 बजे से लेकर रात तक भाजपा के राष्ट्रीय नेता मार्गदर्शन देंगे। इसी के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय का भी मार्गदर्शन नए पदाधिकारियों को मिलेगा। उद्घाटन सत्र से पहले 11 बजे से सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुनेंगे। इसके बाद कार्यशाला का प्रारंभ होगा। कार्यशाला के साथ ही अलग-अलग सत्रों में अलग-अलग वर्ग की बैठकें भी होंगी।

## भाजपा और कांग्रेस के 'बी टू बी' में फर्क : केदार कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विदेश यात्रा को राज्य के विकास को लेकर सफल यात्रा बताते हुए मुख्यमंत्री को बधाई दी और छत्तीसगढ़ वापसी पर स्वागत किया है। श्री कश्यप ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य के विकास की संभावनाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने जो सार्थक संवाद वहां के व्यापारिक प्रतिनिधियों से किया है, उसके परिणाम आने वाले दिनों में दिखेंगे।



प्रदेश की भाजपा सरकार बी टू बी यानी बिजनेस टू बिजनेस की बात कर रही है, तो वहीं कांग्रेस बी टू बी यानी भूपेश विरूद्ध बैज की बात कर रही है। कांग्रेस में कभी सार्थक संवाद की संभावना नहीं होती। वहां हमेशा विवाद की स्थिति बनी रहती है। श्री कश्यप ने कहा, एक ओर जहां प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश के स्वर्णिम भविष्य को तराशने के लिए बी टू बी की दिशा में आगे बढ़ रही है, वहीं कांग्रेस बी टू बी की सियासी उलझनों में जूझ रही है। श्री कश्यप ने कहा, भाजपा और कांग्रेस का अंतर प्रदेश के हर नागरिक को कदम-कदम पर दिख जाएगा। कांग्रेस के लोग आंतरिक सिर फुटव्वल में उलझे रहते हैं और छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के विकासपरक दृष्टिकोण के साथ कांग्रेसियों की अंतर्कलह से बेखबर आगे बढ़ता जा रहा है। इंडिया टुडे के सी वोटर के सर्वे में पूरे देश में लोकप्रियता के मामले में 41.9 फ़ीसदी वोटो के साथ देश में द्वितीय सर्वाधिक लोकप्रिय मुख्यमंत्री बने हैं। श्री साय जनता की कसौटी पर बार-बार खरे उतरकर पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा रहे हैं। मतलब साफ है कि कांग्रेस का हाथ हमेशा बंटवारों से बर्बादियों के साथ ही रहा है और अब भी कांग्रेस उस मानसिकता से मुक्त नहीं हो पा रही है।

## लौह अयस्क उत्पादन बढ़ाने बनी समिति में छत्तीसगढ़ के उद्योगपति झंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में लौह अयस्क उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जरूरी सुधारों के संबंध में सुझाव देने के लिए एक सलाहकार समिति का गठन केंद्रीय खान मंत्रालय ने किया है। 26 अगस्त को बैठक के बाद एक समिति बनाई गई, इसमें छत्तीसगढ़ के उद्योगपति विजय झंवर को शामिल किया गया है।



मिली जानकारी के मुताबिक, देश में लौह अयस्क और इस्पात उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सुधारों पर बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, और कोयला एवं खान मंत्री ने की। इस्पात मंत्रालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, खान मंत्रालय, कर्नाटक, ओडिशा, छत्तीसगढ़ राज्य सरकारों और उद्योग संघों सहित उद्योग हितधारकों के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में भाग लिया।

### कमेटी करेगी सुधारों की सिफारिश

*बैठक के बाद मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, देश में लौह अयस्क और इस्पात उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सुधारों के संबंध में हितधारकों से विभिन्न सुझाव प्राप्त हुए हैं। प्राप्त सुझावों के आधार पर देश में लौह अयस्क उत्पादन को बढ़ाने के उद्देश्य से एक सलाहकार समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। यह समिति संबंधित मुद्दों की जांच करेगी और देश में लौह अयस्क एवं इस्पात उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक सुधारों की सिफारिश करेगी।*

# राजधानी में स्वीकृत दो छात्रावास आठ साल में मूर्त रूप नहीं ले पाए

## डीएमएफ फंड से स्वीकृत था, कार्यादेश निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कमल विहार के मामले में 20 प्रतिशत कार्य, देवपुरी में शुरू नहीं हो पाया कार्य

हाल ही में दंतेवाड़ा में फर्जी डॉक्यूमेंट तैयार कर 45 फर्जी टेंडर निकलवाए और डीएमएफ फंड में करोड़ों का घोटाला किया गया। इसी प्रकार डीएमएफ फंड से आठ साल पहले राजधानी में स्वीकृत दो आश्रम छात्रावास अब तक मूर्त रूप नहीं ले पाए हैं। इनमें से एक आश्रम छात्रावास कमल विहार और दूसरा देवपुरी क्षेत्र में बनना था। इनमें से एक कमल विहार इलाके में निर्माण कार्य को लेकर ठेकेदार को अग्रिम भुगतान किया गया था। उसके बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया। निर्माण कार्य बंद होने के कारण स्वीकृति के 6 साल बाद ठेकेदार का कार्यादेश निरस्त कर दिया गया।

राजधानी रायपुर में आदिम जाति कल्याण विभाग ने आश्रम छात्रावास निर्माण करने की स्वीकृति दी। विभाग ने छात्रावास निर्माण के लिए कमल विहार के पास जमीन का चयन कर निर्माण के लिए टेंडर जारी किया। विभाग द्वारा निर्माण कार्य के लिए



1.74 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। उक्त भवन निर्माण के लिए आनंद सोनी ने 1.72 करोड़ में निविदा स्वीकृत की। 17 अगस्त 2017 को इसका कार्यादेश भी जारी कर दिया गया। ठेकेदार को निर्माण के लिए इसी दिन अग्रिम राशि 48 लाख 44 हजार रुपए विभाग द्वारा स्वीकृत कर दिया गया। ठेकेदार को कुल 65 लाख रुपए का भुगतान निर्माण के एवज में किया गया।

प्लिंथ कार्य पूरा किया। उसके बाद से भवन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। 20 प्रतिशत काम करने के बाद ठेकेदार द्वारा कार्य बंद किए जाने से ठेकेदार को निर्माण कार्य पूरा करने के लिए नोटिस जारी किया। नोटिस जारी करने के बाद भी निर्माण कार्य नहीं करने के कारण विभाग ने 11 सितंबर 2023 को कार्यादेश निरस्त कर दिया।

### टेंडर जारी होने के बाद नहीं हुआ कार्य

इसी तरह देवपुरी में 3 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर जारी किया गया था। यह टेंडर मेसर्स महामाया कंस्ट्रक्शन को जारी किया गया था। टेंडर जारी होने के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। मई 2017 में जारी किए गए टेंडर का कार्यादेश जारी किया गया था। बाद में निर्माण कार्य शुरू न हो पाने पर कार्यादेश निरस्त किया गया।

### सरकार बदलने से अटका मामला

बताया जाता है कि रमन सरकार के समय इसकी स्वीकृति हुई। भूपेश सरकार आने के बाद निर्माण कार्य की समीक्षा की गई और ठेका निरस्त कर दिया गया। ठेका निरस्त होने के बाद निर्माण पूरा कराए जाने की ओर कांग्रेस सरकार के समय ध्यान नहीं दिया गया। भाजपा सरकार वापस आने के बाद निर्माणाधीन आश्रम छात्रावास भवन की समीक्षा में यह मामला सामने आया।

# सितंबर का बिजली बिल बढ़कर मिलेगा दरों के साथ एफपीपीएस शुल्क भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एफपीपीएस शुल्क में भी इस बार इजाफा

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को इस बार सितंबर के बिल में महंगी बिजली का डबल झटका लगेगा। अगस्त से बिजली बिल हॉफ योजना में 400 यूनिट तक बिल हॉफ को कम करके सौ यूनिट कर दिया गया है। ऐसे में 400 यूनिट की खपत पर हजार रुपए ज्यादा बिल देना पड़ेगा। इसी के साथ जुलाई के लिए जो एफपीपीएस तय किया जा रहा है, वह छह से सात फीसदी लगने वाला है। ऐसे में जब सितंबर में अगस्त का बिल आएगा, तो इसमें जुलाई में की गई खपत पर एफपीपीएस शुल्क भी लगेगा। बीते माह यह शुल्क 1.44 फीसदी माइनस में था। प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएस) लागू है। सबसे पहले 2023 के अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू किया गया। बीते दो साल से उपभोक्ताओं को एफपीपीएस शुल्क के नाम से हर माह झटका ही लगता रहा है। पहली बार यह झटका इस साल अप्रैल के बिल में नहीं लगा था। मई में फिर शुल्क 7.32 फीसदी लगा। जून के बिल में एफपीपीएस 0.12 माइनस हो गया। इसके बाद जुलाई में भी एफपीपीएस शुल्क 1.44 फीसदी माइनस में रहा, लेकिन अब एक बार फिर से एफपीपीएस शुल्क बढ़ रहा है।



### 400 यूनिट की खपत पड़ेगी भारी


प्रदेश भर के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को अब तक 400 यूनिट की खपत पर बिजली बिल आधा देना पड़ता था। इसमें ऊर्जा प्रभार के साथ एफपीपीएस शुल्क आधा लगता था तो हजार रुपए बिल में कम हो जाते थे। लेकिन अब अगस्त से बिजली बिल हॉफ की सीमा को सौ यूनिट कर दिया गया है तो 400 यूनिट की खपत करने वालों को हजार रुपए ज्यादा देने पड़ेंगे। सौ यूनिट से ज्यादा खपत होने पर सौ यूनिट पर भी हॉफ योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

### सांकेतिक भाषा में अनुवादक बनने का जीनल को मिला मौका

**रायपुर**। सांख्यिकी एवं योजना विभाग-इंद्रावती भवन द्वारा राजधानी रायपुर में नीति आयोग की राष्ट्रीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जीनल श्रीवास्तव को सांकेतिक भाषा का अनुवादक बनने का मौका मिला है। वे राज्य की एकमात्र पंजीकृत सीएल दुभाषिया हैं। कार्यशाला में शिक्षा और कौशल विकास से जुड़े विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

### कांग्रेस का सवाल- राज्य सरकार बताए जापान में कितने एमओयू हुए, कब तक धरातल पर उतरेगा

**रायपुर**। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जापान और दक्षिण कोरिया दौरे से लौटने पर प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने सवाल उठाते हुए कहा, मुख्यमंत्री का कौन-कौन सी कंपनियों से एमओयू हुआ है, सरकार सार्वजनिक करे? छत्तीसगढ़ की जनता की गाढ़ी कमाई से मुख्यमंत्री और उनके अधिकारी जापान और साउथ कोरिया के दौरे पर गए थे, अब उन्हें निवेश कब-कब आयेगा, इसकी जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए। इसके पहले भी वित्त मंत्री ओपी चौधरी अमेरिका दौरे पर गए थे, उप मुख्यमंत्री अरुण साव अमेरिका दौरे पर गए थे, लेकिन नहीं बता पाए कि उनके दौरे से राज्य को क्या फायदा हुआ है? उन्होंने कहा, विदेशों से नए निवेशकों को आकर्षित करना, ठोस विदेश नीति, उद्योग नीति, श्रम कानून, वास्तविक राहत और रियायत देने वाली पॉलिसी के बिना संभव नहीं है।



**खबर संक्षेप**

## डीएपी, यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति करने की मांग



**महासमुंद**। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि महासमुंद जिले की सोसाइटियों में डीएपी खाद की कमी की अभी भी बनी हुई है। वहीं यूरिया की भारी कमी से किसानों को भारी परेशानी हो रही है। यूरिया की कमी से कई किसान प्रतिदिन संघर्ष कर रहे हैं। किसान मज़बूरी में निजी विक्रेताओं से खाद 2200 प्रति बैग और यूरिया 1200 रुपए में खरीद रहे हैं, जो कि राज्य सरकार के लिए शर्मनाक है। सरकार को इस कालाबाजारी पर रोक लगाना चाहिए। कृत्रिम कमी दिखाकर किसानों को निजी विक्रेताओं से यूरिया खरीदने को जानबूझकर मजबूर किया जा रहा है। ताकि, निजी विक्रेताओं को लाभ पहुंचाकर उनसे मोटा कमीशन लिया जा सके। यदि आवश्यक यूरिया की आपूर्ति अगले कुछ दिनों में नहीं की गई तो फसल की पैदावार में कमी आएगी और कर्ज लेकर खेती करने वाला किसान आत्महत्या हो मजबूर हो जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। आम आदमी पार्टी महासमुंद जिले में यूरिया की कमी से किसानों को हो रही इन परेशानियों पर सरकार का विरोध करती है और यदि जल्द ही सरकार ने किसानों की परेशानियां दूर नहीं की तो आम आदमी पार्टी किसानों के साथ मिलकर सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।

## लभांडी में दो कार और एंबुलेंस आपस में टकराईं

**रायपुर**। तेलीबांधा थाना क्षेत्र के लाभांडी चौक पर शनिवार दोपहर दो कार और एक एंबुलेंस आपस में टकरा गईं। हादसे में कार में सवार दो महिलाओं को चोटें आई हैं। एंबुलेंस चालक तथा अन्य को मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद किसी ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई। आपसी समझौता कर मामले को रफा-दफा कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार कार ने आगे चल रही एंबुलेंस को टक्कर मारी, जिससे पीछे से आ रही दूसरी कार ने भी एंबुलेंस को टक्कर मारने वाली कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक कार के सामने तथा पीछे का दूसरी कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। एक्सीडेंट के बाद गुजर रहे राहगीरों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और पुलिस तथा 108 एंबुलेंस को सूचना दी।

### विभागीय बालिका शिक्षा एवं शिशु वाटिका कार्ययोजना बैठक का हुआ समापन

# कुटुंब प्रबोधन, बालिका शिक्षा परिषद का गठन पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय विभागीय बालिका शिक्षा एवं शिशु वाटिका कार्ययोजना बैठक का समापन हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मोहन राव पवार (रायपुर विभाग प्रभारी, सप्तशक्ति संगम प्रांत प्रभारी, पूर्व राज्य सूचना आयुक्त), श्रवण सिन्हा (विद्या भारती जिला प्रतिनिधि महासमुंद), मानिकलाल साहू राजिम एवं रायपुर विभाग समन्वयक, सरिता साहू सरस्वती शिक्षा संस्थान छग के उपाध्यक्ष, मनोज साहू प्रांतीय बालिका शिक्षा प्रमुख, कृष्णा चंद्राकर पूर्व प्रांतीय शिशु वाटिका सहायक, विद्यालय के प्राचार्य



देवराज वर्मा उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती ओम एवं भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दो दिवसीय बैठक में राजिम विभाग के तीन जिले महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद एवं रायपुर विभाग के बलौदा बाजार व रायपुर से 98 दीदी आचार्य उपस्थित हुए। दो दिनों तक हुई बैठक में बालिका शिक्षा के संबंध में कुटुंब प्रबोधन, बालिका शिक्षा परिषद का गठन, वार्षिक कार्य योजना, आभूषण के वैज्ञानिक महत्व, बालिका शिक्षा का प्रकटीकरण, सप्तशक्ति संगम की संबंध में चर्चा हुई।

इसी प्रकार शिशु वाटिका के के संबंध में 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं की जानकारी, ईसी सीई एवं शिशु वाटिका का स्वरूप एवं क्रियान्वयन, वार्षिक कार्य योजना एवं स्वरूप, अग्निहोत्र, स्वर्ण प्राशन, विद्यारम्भ संस्कार, मातृ गोष्ठी के संबंध में चर्चा हुई। समापन के अवसर पर विद्यालय के बालिका शिक्षा प्रमुख दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, शिशु वाटिका प्रमुख गुरुवारी सोनी एवं विद्यालय के समस्त दीदी/ आचार्य उपस्थित रहे।

# नगर में सार्वजनिक बोरवेल से निजी कनेक्शन, पालिका ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका निखिलकांत साहू के निर्देश में शहर के सभी 30 वार्डों में स्थित बोरवेल के माध्यम से संबंधित वार्ड के लोगों को जलापूर्ति की जा रही है।

समय-समय पर बोरवेल की मरम्मत, सफाई आदि कार्य भी किए जा रहे हैं। नपाध्यक्ष ने कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि सार्वजनिक बोर में सभी वार्डवासियों को समान रूप से जल प्रदाय किया जाए। यदि किसी नागरिक द्वारा सार्वजनिक बोरवेल में अवैध अतिक्रमण कर निजी तौर पर कनेक्शन जोड़ा जाता है तो तत्काल कार्रवाई करते हुए कनेक्शन काटने सहित जल वितरण कार्य में पारदर्शिता बरतें। इसके परिपालन में रविवार को नगर पालिका के जल विभाग की टीम ने एक नागरिक द्वारा वार्ड 2 एवं 10 के मध्य स्थित नगर पालिका के सार्वजनिक बोर में अवैध रूप से अतिक्रमण कर निजी भवन के लिए जोड़े गए जल कनेक्शन को काटकर बोरवेल को कब्जा मुक्त किया गया। साथ ही नागरिकों के लिए जल वितरण को व्यवस्थित किया गया। पालिकाध्यक्ष साहू ने नागरिकों से अपील की है कि सार्वजनिक बोर में किसी प्रकार से निजी कनेक्शन बिना अनुमति के न लें। वार्डों में बोरवेल वार्डवासियों की सुविधा के लिए खनन कराया गया है। निजी कनेक्शन लगाने से विवाद की स्थिति निर्मित होती है।



# नवकिरण में आरक्षक भर्ती के लिए तीसरा टेस्ट का आयोजन

**महासमुंद**। आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में तीसरा टेस्ट का आयोजन किया गया। जारी विज्ञप्ति में डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में तीसरा टेस्ट पेपर आरक्षक भर्ती संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -03 हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें भारत का इतिहास, भारत का भूगोल, भारत का संविधान, भारत की अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, भारतीय दर्शन कला साहित्य, समसामयिक घटनाएं, पर्यावरण, कंप्यूटर, छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान बुद्धि क्षमता एवं विश्लेषण क्षमता, अंक गणित आदि के 100 प्रश्न पूछे गए थे। तीसरा टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने कुल 89 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 04 टेस्ट सीरीज के क्रम चौथा टेस्ट व अंतिम टेस्ट पेपर आरक्षक भर्ती संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -04 आगामी 07 सितंबर 2025 रविवार को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और आरक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर सकते हैं।

# कांग्रेस सेवादल ने किया माह के अंतिम रविवार को ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अगस्त महीने के अंतिम रविवार को महासमुंद जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर द्वारा किया गया। ध्वजारोहण के बाद सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि सेवादल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्वयंसेवी संगठन है, जिसे आमतौर पर कांग्रेस सेवादल कहा जाता है। इसकी स्थापना 1923 में नागपुर में की गई थी। सेवादल का उद्देश्य युवाओं को अनुशासन, सेवा और राष्ट्रीय आंदोलन से जोड़ना। यह संगठन सामाजिक कार्य, राष्ट्रभक्ति, शिक्षा और सेवा गतिविधियों में सक्रिय रहता है। उन्होंने आगे कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सेवादल के कार्यकर्ताओं ने सत्याग्रह, आंदोलन और सामाजिक जागरूकता में बड़ी भूमिका निभाई। आज भी यह कांग्रेस पार्टी का प्रमुख संगठनात्मक अंग है और चुनावी, सामाजिक तथा सेवा संबंधी कार्यों में सक्रिय रहता है।

इस दौरान कांग्रेस महामंत्री संजय शर्मा, महिला कांग्रेस सेवालाल अध्यक्ष जयश्री दास, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष खिलावन बघेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रकाश साकरकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दाऊलाल चंद्राकर, प्रदेश सेवादल की सचिव कविता तिवारी, कांग्रेस जिला सचिव सोमेश दवे, शहर महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक अन्नू चंद्राकर, कमल प्रजापति, आलोक पांडे, बसंत चंद्राकर, जावेद चौहान, राजू बुंदेला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# नपाउपाध्यक्ष ने किया सौंदर्यीकरण व चौपाटी निर्माण कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के वार्ड नंबर 14 अंबेडकर चौक स्थित ओवरब्रिज के नीचे अधोसंरचना मद से सौंदर्यीकरण व चौपाटी निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि कालम की ढलाई का काम जारी है। कांक्रीट बनाने में जो सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है, वह घटिया किस्म का है। साथ ही सीमेंट हवा में पत्थर हो गया है तथा रेती ज्यादा डाली जा रही है। ठेकेदार को साफ हिदायत दी है कि निर्माण में घटिया सीमेंट उपयोग न करें तथा रेत की मात्रा कम करें। किसी भी प्रकार से गुणवत्ता में समझौता नही किया जाएगा। दूरभाष पर नगर पालिका के इंजीनियर को भी बताया गया तथा उन्हें निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण स्वयं इंजीनियर करें। नगर पालिका से निर्माण कार्य के दौरान कर्मचारी तैनात करें। काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान वार्ड के बुलु सेवई, दीपक सोनी, सुरेश सोनवानी, शुभम सोनी, शिव साहू, देवेश बाघमारे सहित नागरिकगण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने युवाओं को पढ़ाया भूगोल का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला प्रशासन ने प्रोजेक्ट अनुभव की शुरुआत की है। इसके तहत शनिवार को योग भवन फुंडहर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए विशेष अध्यापन कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें कलेक्टर गौरव सिंह ने स्वयं शिक्षक की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों को भूगोल विषय का पाठ पढ़ाया। उन्होंने चित्र के माध्यम से युवाओं को विस्तृत जानकारी दी।

कलेक्टर ने यूपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जाने वाले महत्वपूर्ण प्रश्नों पर चर्चा की और गंगा, सिंधु, चंबल, यमुना, कावेरी, महानदी, इंद्रावती जैसी प्रमुख नदियों के साथ ही उनकी सहायक नदी, तट पर बड़े शहर, उद्योग की दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर की भौगोलिक एवं सांस्कृतिक महत्ता पर विस्तृत



जानकारी दी। कलेक्टर ने प्रश्न भी पूछे जैसे तर्रीघाट कहां है, क्यों प्रसिद्ध है, खूंटाघाट परियोजना किस नदी पर स्थित है आदि। कक्षा के दौरान विधार्थियों को होम वर्क भी दिए, जिसे आगामी क्लास में पूछा जाएगा तथा इसका सही जवाब बताया जाएगा।

### कक्षाएं लेने से परीक्षा की तैयारी में मदद मिलेगी

कलेक्टर ने इस दौरान कहा कि जिले के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी समय-समय पर अलग-अलग विषयों पर कक्षाएं लेंगे, जिससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में विशेष मदद मिलेगी। उन्होंने विशेष टिप देते हुए कहा कि पढ़े हुए को याद रखने के लिए आंख बंद करके मनन करें और उसको रीकॉल करें। अगले दिन हर क्लास से पहले, पहले दिन का 50 क्वेश्चन एमसीक्यू फॉर्मेट में दिया जाएगा, जिससे आपका रिवीजन होगा। अलग-अलग अधिकारी हफ्ते में 2 दिन आपकी क्लास लेंगे।

## अगल-बगल कार वर्कशॉप, संचालक से मारपीट

**रायपुर**। खम्हारडीह थाने में एक कार वर्कशॉप संचालक ने दूसरे वर्कशॉप संचालक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रजा ने अनी सिंह के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रजा ने पुलिस को बताया कि उसका तथा अनी सिंह का कार वर्कशॉप अगल-बगल है। कार डिलीवरी देने वह ग्राहक की कार निकाल रहा था। इस दौरान रजा के दुकान के सामने अनी सिंह किसी की कार मरम्मत कर रहा था। रजा ने अनी को कार हटाने के लिए कहा, इस बात से नाराज होकर अनी ने राजा के साथ मारपीट की।

## विवादित बयान के लिए राहुल गांधी को तत्काल माफ़ी मांगनी चाहिएः स्वप्निल



**महासमुंद**। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी ने बिहार के दरभंगा में राहुल गांधी की सभा में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी माता के खिलाफ की गई अशोभनीय टिप्पणी की घोर निंदा करते हुए कहा कि यह बयान भारतीय समाज की संस्कृति और भावनात्मक मर्यादाओं को लांघने वाला बयान है। इसके लिए राहुल गांधी को तत्काल माफ़ी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को लगातार मिल रही करारी हार और बिहार चुनाव से पहले जनता के झुकाव को कांग्रेस व उनके सहयोगी दल पचा नहीं पा रहे है। जिसके चलते वो अपना आपा खो बैठे है और भारतीय राजनीति को कलंकित करने वाले अमर्यादित बयान दे रहे है। राजनैतिक मंच से सरेआम स्वर्गीय माता के ख़िलाफ़ अभद्र टिपण्णी किया जाना घोर निंदनीय है। कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों को अपने बयान पर खेद व्यक्त करते हुए माफी मांगनी चाहिए।

## लूट के इरादे से कार चालक की हत्या, दो को उम्रकैद

**रायपुर**। अभनपुर थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व लूट के इरादे से कार बुक कर कार चालक की हत्या के दो आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर की कोर्ट में हुई। हत्यारों ने रायपुर शीतलापारा निवासी अपने परिचित की कार बुक कर लूट करने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी थी। लोक अभियोजक विजय यादव के अनुसार तपन बांधे उर्फ धन्नू तथा राकेश कुर्रे को कोर्ट ने सुनील वर्मा (47) की हत्या के आरोप में कैद की सजा सुनाई है। राकेश ने 14 अप्रैल 2023 को रात साढ़े नौ बजे सुनील को कॉल कर रायपुर से अभनपुर, खोला जाने कार बुक कराई। कार बुक कराने के बाद राकेश ने कार में अपने साथ तपन को बैठा लिया। तपन कार में बैठने के पूर्व अपने घर से झोला में गमछा तथा रस्सी साथ रख लिया। खोला पहुंचने के पहले दोनों ने नहर किनारे शौच जाने के बहाने कार रुकवाई। थोड़ी देर बाद कार के पीछे बैठे तपन ने अपने झोला से गमछा निकालकर सुनील की गला घोंटकर हत्या कर दी।

### ईको फ्रेंडली उत्सव और सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त परिसर

# निगम ने गणेश पंडालों में दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम इस बार गणेशोत्सव के मौके पर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में पंडालों पर जाकर ईको फ्रेंडली गणेशोत्सव और सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त परिसर का संदेश देने अभियान चला रहा है। यह अभियान 27 अगस्त शुरू हुआ है और 9 सितंबर तक चलाया जाएगा। इस दौरान नगर निगम के विभिन्न जोनों में स्वच्छता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को पंडरी के झंडा चौक में अभियान चलाया गया।

नगर निगम जोन 3 के झंडा चौक पंडरी स्थित जगन्नाथ गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं के बीच नगर निगम के अधिकारी पहुंचे। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों और वहां मौजूद



श्रद्धालुओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। लोगों से यह अपील की गई कि गणेशोत्सव के दौरान सूखा और गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखा जाए। पूजा अर्चना के दौरान फूल, हार को अलग से संग्रहित कर खाद बनाने में सहयोग दिया जाए और पंडाल परिसर को पूरी तरह साफ-सुथरा रखना है।

इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर, निगम आयुक्त विश्वदीप, जोन अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं महर्षि वाल्मिकी वार्ड के शीतला तालाब के पास गणेश पंडाल में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान में वार्ड पार्षद देवदत्त द्विवेदी, जोन अध्यक्ष गोपेश साहू, जोन कमिश्नर संतोष पांडे और स्वास्थ्य अधिकारी बारोन बंजारे की उपस्थिति रही।

# मितानिन करेंगी 4 को प्रदेश व्यापी चक्काजाम, सीएम-मंत्री निवास घेरेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर की 75 हजार मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर 4 सितंबर को राजधानी में प्रदेश व्यापी चक्का जाम करेंगी। इसके साथ ही इसी दिन मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के निवास का घेराव कर अपनी मांगों को प्रति शासन का ध्यान आकर्षित करने प्रदर्शन करेंगी।

प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के आव्हान पर 3 सूत्रीय मांगों को लेकर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन का ऐलान किया गया है। संघ की प्रदेश अध्यक्ष सरोज सिंह सेंगर, प्रदेश सचिव चंद्रकिशोर वासनिक ने शनिवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में इसकी



जानकारी दी। पदाधिकारी द्वय ने कहा है 4 सितंबर को प्रदेशभर की मितानिन शहर में प्रदेशव्यापी चक्का जाम कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलयन, वेतन में 50 फीसदी बढ़ोतरी की मांग और एनजीओ के अंदर कार्य नहीं करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने जुटेंगी। उन्होंने बताया कि 7 अगस्त से मितानिन नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर संभाग स्तरीय प्रदर्शन कर अपने हक की आवाज बुलंद करने एकजुट हुईं।

### चुनावी घोषणापत्र में किए वादे की अनदेखी

प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ की अध्यक्ष सरोज सेंगर ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि मोदी की गारंटी के तहत चुनावी घोषणा पत्र में यह वादा किया गया कि मितानिन कार्यक्रम में कार्यरत मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर को एनएचएम के तहत संविलयन किया जाएगा।

# कैट ने 6 जिलों में महिला इकाई का किया गठन, 2 वर्ष का कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की अहम बैठक शनिवार को राजधानी स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई। इसमें प्रदेश के 6 जिलों में महिला इकाई का गठन सर्वसम्मति से किया गया। कैट राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने बताया कि बैठक में 2 वर्षो के लिए राजनांदगांव, कुरुद, बागबाहरा, महासमुंद, बसना और बिलासपुर जिले महिला इकाइयों का गठन कर नए अध्यक्ष बनाए गए हैं।

बैठक में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी को छत्तीसगढ़ राज्य की विभिन्न जिला इकाइयों के गठन के लिए अधिकृत किया गया। उनके मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में कैट की राजनांदगांव, कुरुद, बागबाहरा, महासमुंद, बसना, बिलासपुर (महिला) इकाइयों का गठन सर्वसम्मति से किया गया तथा अध्यक्षों के नाम मनोनीत किये गये।

कैट राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमैन विक्रम सिंहदेव ने संयुक्त रूप से बताया कि 6 जिला इकाईयों के प्रभारी कैट राजनांदगांव इकाई प्रभारी मोहम्मद अली हिरानी ने राजेश डागा का नाम राजनांदगांव इकाई अध्यक्ष पद हेतु प्रस्तुत किया। कैट कुरूद इकाई के प्रभारीराम मंधान द्वारा योगेंन्द्र सिन्हा का नाम कुरुद इकाई अध्यक्ष पद हेतु प्रस्तुत किया गया।

कैट बागबहारा इकाई प्रभारी परमानंद जैन ने राजकुमार जैन का नाम बागबहारा इकाई अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तुत किया।

इसी तरह महासमुंद इकाई प्रभारी जितेंद्र चंद्राकर ने गौरव चंद्राकर का नाम महासमुंद इकाई अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तुत किया।

कैट बसना इकाई प्रभारी परमानंद जैन ने जयनारायण अग्रवाल का नाम बसना इकाई अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तुत किया।

कैट बिलासपुर इकाई प्रभारी राकेश ओचवानी ने निहारिका त्रिपाठी का नाम बिलासपुर महिला इकाई अध्यक्ष पद के लिए आगे बढ़ाया।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रस्तावित नामों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।

यह निर्वाचन कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद चांदनी चौक, नई दिल्ली प्रवीण खण्डेलवाल की अनुशंसा पर हुआ। बैठक के प्रारंभ में परमानंद जैन ने सदस्यों का अभिनंदन करते हुए स्वागत किया और नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं।

